तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024



13 बिजली की आंख मिचौनी से ग्रामीण परेशान...





14 स्वामी आत्मानंद स्कूल के नौनिहालों का होगा स्माइल...






## खबर संक्षेप

### विधायक साहू निवास कार्यालय में आमजनों से करेंगे मुलाकात

**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू अब रोज सुबह अपने राजिम निवास कार्यलय पर सुबह 9 से 11 बजे तक आमजनों से भेंट मुलाकात करेंगे। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने बताया कि क्षेत्र से बाहर प्रवास को छोड़कर राजिम विधायक रोहित साहू प्रतिदिन सुबह 9 से 11 तक क्षेत्र के आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे। आमजनो से अपिल किया है, कि निर्धारित समयावधि में पहुंचे। पहुंचने वालों की समस्याएं सुनी जायेंगी। गोठ बात करेंगे। प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश किये जायेंगे। विधायक लोगों से गोठ बात कर क्षेत्र की विकास पर सुझाव भी सुनेंगे। विधायक ने अपने कार्यालय स्टाप को शिकायतों पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने की निर्देश दिए हैं।



### देव जात्र पूजा 14 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर माता छिन्दलाईन देवी के दरबार में 14 जून को देव जात्र पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रतिवर्ष जंगल के अंदर छिन्दलाईन देवी के दरबार में जात्र पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूरे क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं, बताया जाता है कि छिन्दलाईन देवी के दरबार में पूजा अर्चना करने से अच्छी बारिश के साथ अच्छा फसल की कामना के साथ पूजा अर्चना किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्र के प्रमुख हेमसिंह नेगी, प्रेमसाय जगत ने क्षेत्रवासियों को जात्र कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने धारदार बटन चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त करते हुए सरायपाली थाना में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली के पास हिमांशु सोना अपने हाथ में एक स्टील का धारदार बटनदार चाकू लेकर आम जगह पर लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोग भयभीत हैं। बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम पता हिमांशु सोना पिता महेश सोना (21 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली बताया। आरोपी के पास से धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में कोमाखान पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शांतिलाल पारकर पिता भुनेश्वर पारकर (42 साल) निवासी सोनामुंदी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर पारकर खरियाररोड से किराना सामान लेकर अपने घर ग्राम सोनामुंदी वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम टेमरी और सोनामुंदी के मध्य रास्ते में वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजे 9566 के चालक विपरीत दिशा से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के वाहन सीजी 06 जीके 2320 को ठोकर मार दिया। घटना में मेरे पिता के सिर और बाएं हाथ के कंधे तथा दायें हाथ की कलाई के ऊपर हथेली पर गंभीर चोटें आई हैं।

# पेयजल समस्या को लेकर सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

विकास खंड छुरा के ग्राम पंचायत रजनकटा के आश्रित ग्राम खट्टी में भीषण पेयजल संकट लगभग 3 माह से गहराया है। जिसमें खास कर स्कूल पारा के ग्रामीण झेल रहे हैं। गांव की महिलाए लगभग 1.5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अतरमरा से पानी लाने मजबूर हो रहे है। स्थानीय स्तर में सरपंच समस्या के हल करने में कोई ध्यान नहीं दे रही हैं और इसी समस्या को लेकर मंगलवार को लगभग सैकड़ों की संख्या में ग्राम खट्टी की महिलाएं व पुरुष कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे थे। पेयजल संकट दूर करने की मांग को लेकर तपती धूप में अपने छोटे- छोटे बच्चों को लेकर गरियाबंद कलेक्टर पहुंचे थे और जल्द ही इस समस्या के निदान के लिए गुहार लगाए है। साथ ही गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष गांव में सरपंच एवं ग्राम पंचायत के खिलाफ नारे लगाते हुए गलियों में खाली बाल्टी और खाली ड्रम, गुंडी, बर्तन हाथों में लेकर गांव की गलियों में नारे लगाते रहे जिसमें उन्होंने सरपंच हाय- हाय पानी दो सांय- सांय के नारे लगा रहे थे। हालांकि मौके पर पहुंच कर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने जल्द ही इस समस्या के निपटारे का आश्वासन दिये है और देखना होगा कि ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत छुरा के जिम्मेदार सहित जिले में बैठे लोक स्वास्थ यंत्री विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या पर कितने जल्दी निदान करते हैं क्योंकि ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में नल ▶▶|शेष पेज 13 पर

**खट्टी में पेयजल समस्या,1.5 किमी दूर से पानी ला रहे हैं ग्रामीण**





## निरीक्षण : नपा अध्यक्ष मेमन ने तालाब सौंदर्यीकरण का लिया जायजा

# तालाबों में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों को बारिश के पहले करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने बुधवार को नगर के विभिन्न तालाबों में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने क्रमश नगर के वार्ड क्रमांक 4 के स्थित नया तालाब, वार्ड क्रमांक सात स्थित रावनभाटा तालाब तथा नगर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित प्राचीन छिंद तालाब का औचक निरीक्षण किया। मेमन ने यहां चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्य की अघतन की जानकारी लेते हुए बारिश के पूर्व सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश पालिका प्रशासन को दिए। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका के सभापति और पार्षदगण भी साथ मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि नगर के तीन प्रमुख तालाब में विगत एक महीने पहले सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। जेसीबी मशीन लगाकर अब तक तीनों तालाब में भारी मात्रा में कचरा और मिट्टी निकली जा चुकी है। तालाब के किनारे पिचिंग और नाली निर्माण का कार्य भी जारी है। बुधवार को इसके निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष पहुंचे थे। मौके पर नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा ने उन्हे अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। छिंद तालाब और रावणभाटा तालाब में सफाई का कार्य पूरा होने के बाद पीचिंग का काम जारी है। नया तालाब में सफाई का काम जारी है। जिसके बाद पीचिंग होगी।





### सौंदर्यीकरण कार्य 30% पूरा

नगर पालिका सीएमओ संध्या वर्मा ने बताया कि तीनों तालाब में सौंदर्यीकरण का लगभग 30% कार्य पूरा हो गया है। छिंद तालाब और रावणभाटा तालाब में सफाई के बाद पीचिंग का काम जारी है। नया तालाब में सफाई के बाद पीचिंग होगी।

**- संध्या वर्मा**, नगर पालिका सीएमओ

### गहरीकरण का कार्य लंबित

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने बताया कि तालाब में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर पालिका प्रशासन को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। बारिश के पूर्व सफाई और पिचिंग के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि गहरीकरण के लिए शासन से राशि की मांग की है। जिसके चलते गहरीकरण का कार्य लंबित है। राशि मिलते ही काम शुरू होगा।

**-अब्दुल गफ्फार मेमन**, नगर पालिका अध्यक्ष

### पालिका प्रशासन गंभीरता के साथ करें कार्य

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सभी कार्यों को बारिश को पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेमन ने कहा कि तीनों तालाब नगर के प्रमुख तालाब है। अधिकाश वार्डो के लोग इसका उपयोग करते है। इसलिए पालिका प्रशासन गंभीरता के साथ कार्य करें। ठेकेदार कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य में प्रगति लाए। सभी कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किए जाए। इस अवसर पर सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, इंजी अश्वनी वर्मा, सपना मिश्रा सहित पालिका के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आम से भरी पिकअप पेड़ से टकराई, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर- गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में बीते रात 12 बजे आम से भरे मेटाडोर दबनई मोड के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिससे चालक घायल हो गया। चालक को तत्काल मैनपुर अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है, मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से पिकअप क्रमांक सीजी 7 सी एस 5339 में आम भरकर देवभोग के तरफ पिकअप जा रहा था कि रात 12 बजे तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे चालक घायल हो गया।

### हल्की बारिश होने पर निकलने लगे बिच्छु

**मैनपुर।** नाहनबिरी तालाब के किनारे बरगद पेड़ के नीचे गुरूवार को दर्जनों काली बिच्छु के दल को देखा गया। वनांचल क्षेत्र में भीषण गर्मी और बीच-बीच में हो रही बारिश से जहरीले जीव-जन्तु अब बाहर खुले में विचरण करने लगे हैं जिसके कारण लोगों को रात के समय अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता देखने को मिल रही है।



# तेज हवा से गिरा पेड़, एक घंटे तक हाईवे पर लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गुरूवार को क्षेत्र में मौसम का मिजाज शाम 4 बजे के बाद बदला- बदला नजर आया और देखते ही देखते नेशनल हाईवे मैनपुर गरियाबंद मार्ग में नवागढ और धवलपुर के बीच लगभग 1 घंटे तक झमाझम बारिश हुई साथ ही बारिश से पहले तेज आंधी- तूफान के चलते नेशनल हाईवे के ऊपर दो स्थानों पर पेड़ गिर जाने से नेशनल हाईवे 3 घंटे तक जाम रहा। दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की काफिला लग गई इस मार्ग में आने- जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हांलाकि ग्रामीणों और पुलिस द्वारा सड़क से पेड़ हटाने का कार्य किया जा रहा है। मौसम में अजीब से परितर्वन देखने को मिल रहा है 10 किलोमीटर तक झमाझम बारिश और उसके बाद तेज धूप मैनपुर नगर में बदली छाई रही। आंधी- तूफान चला लेकिन बगैर बरसे ही बादल वापस हो गया। मैनपुर में पानी नहीं गिरने से सुखा रहा जबकि मैनपुर वनांचल क्षेत्र के कई ग्रामों में आज शाम को झमाझम बारिश होने की जानकारी मिल रही है तो वहीं कुल्हाडीघाट क्षेत्र में आंधी- तूफान से कई मकानों के खपरैल उड़ गये कई स्थानों पर पेड़ और उनके डंगाले गिर गये ग्रामीण ईलाकों में बिजली बंद हो गई है।



# नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/ फिंगेश्वर

■ एबीवीपी ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में जिले के कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ गत दिनों राजिम विधानसभा अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं एवं जर्जर मार्गो के समस्या के विषय में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया एवम 15 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक रोहित साहू ने एबीवीपी के प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों को आश्वासन दिया की जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। राजिम, फिंगेश्वर महाविद्यालय के रास्ते पूरे तरह से अति जर्जर एवं ध्वस्त हो चुके है, साथ ही फिंगेश्वर के मुख्य मार्ग में स्थित शराब दुकान हटाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है उसे मुख्य मार्ग से हटाए जाय। गरियाबंद महाविद्याल में अभी तक पीजी कोर्स प्रारंभ नहीं हुआ है उसे प्रारंभ करना है। ज्ञापन के दौरान अभाविप छत्तीसगढ़ प्रदेश सहमंत्री अनंत सोनी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।लगातार 75 वर्षोंर् से विद्यार्थियों के समस्याओं से लेकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

## विश्व रक्तदाता दिवस आज

# एक यूनिट ब्लड से बचती है तीन लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

रक्तदान से हार्ट का खतरा 90% कम बढ़ती है, इम्यूनिटी और कैंसर का जोखिम भी कम होता है। वहीं देश में हर दिन करीब 10 से 15 हजार लोगों को समय पर ब्लड नहीं मिलने के कारण मौत हो जाती है। जिनका मुख्य कारण रक्त दान से जुड़ी जानकारी का अभाव और भ्रम है। हर साल लाखों यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है लेकिन रक्त और रक्त दान करने वाला नहीं मिलने के कारण रक्त की कमी हो जाती है, विदित शोध है की रक्त दान करने से केवल रक्त दाता ही नहीं बल्कि रक्त दान करने वालों को भी बहुत सारे फायदे उनके शरीर को मिलता है। शोध के अनुसार रक्त दान करने वाले को हार्ट अटैक का खतरा भी कम हो जाता है और इम्यूनिटी बढ़ती है, नियमित रक्तदान से हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और जोखिम कम हो सकता है। यह रक्त की चिपचिपाहट को कम करता है और बेहतर रक्त प्रवाह को बढ़ावा देता है। जब रक्त प्रवाह बेहतर होता है, यह रक्त के थक्कों को बनने से रोकता है। यह दिल के दौरे और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है।

**रक्त से संबंधित विभिन्न जानकारी** -रक्त दान एक बार में 350 -400 मिली लीटर रक्त लिया जाता है, जो कि आधे लीटर से भी कम है। डॉक्टर्स के अनुसार ये रक्त हमारी बॉडी में 24 घंटे के अंदर फिर से बन जाता है पर फिर भी सेहत के लिए अच्छा है कि आप 3 महीने में एक बार ही रक्त दान करें। पुरुषों के लिए सामान्य एचबी स्तर 14 से 18 ग्राम/डीएल है, महिलाओं के लिए ▶▶|शेष पेज 13 पर



### रक्त दान करने से नहीं होती कोई परेशानी : लक्ष्मी कांत

लक्ष्मीकांत यादव रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करते है और लोगों से अपील करते है की जहां भी रक्त दान के माध्यम से लोगों को मदद करने का मौका मिले, हो सके आप सब रक्त दान करिये मौका दीजिये अपने खून को किसी की रगो में बहने का, ये लाजवाब तरीका है कई जिस्म में जिंदा रहने का इसी कड़ी में रायपुर मे हमारे बहुत युवा साथी है जो रक्तदान के माध्यम से जरूरत मंद लोगों की मदद कर रहे है।

कृष्णा साहू जो की एक फार्मासिस्ट है उन्होंने 26 बार अपना रक्त दान कर चुके हैं, और कहा कि आप सभी भी एक बार रक्त दान अवश्य करे।

दीप नारायण पाल रायपुर के जो की, 19 बार अपना ब्लड दे चुके है और जहां भी जरूरत मन्द को जरूरत होती है तत्काल मदद के लिए पहुँच जाते हैं।

### रामलला दर्शन 3 जुलाई से

**गरियाबंद।** रामलला दर्शन योजना के नोडल अधिकारी डीपी ठाकुर ने समस्त जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर कहा है कि रामलला दर्शन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में यात्रा के लिए संभावित तिथि का निर्धारण किया गया है। जिसमें प्रत्येक जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों से हितग्राही, अनुरक्षक एवं सहयोगी सहित 94-94 लोग जायेंगे। जिनमें 3 जुलाई से 6 जुलाई, 31 जुलाई से 3 अगस्त तथा 28 अगस्त से 31 अगस्त तक यात्रा निर्धारित की गई है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन का किया अभिनंदन

**रायपुर।** लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के शपथ ग्रहण करने के बाद पहली बार रायपुर आगमन करने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता एवं उद्योगपति सोनू तिवारी द्वारा चंगोराभाठा के सैकड़ों निवासियों एवं समर्थकों के साथ एयरपोर्ट पहुंच कर बृजमोहन अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सांसद श्री अग्रवाल पर फूल मालाओं की अप्रतिम वर्षा की गई और घंटो तक समर्थकों द्वारा नारे लगाए जाने पर बृजमोहन अग्रवाल जी भी भाव विभोर दिखे।

### डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित कार्यालय में 20 जून को शाम 4 बजे डाक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा, वर्चुअल करके उनका समाधान किया जाएगा। परिमंडल के सहायक निदेशक आलोक गोमास्ता ने डाक ग्राहको से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायतें यदि कोई तो प्रकरण से पूर्ण विवरण सहित कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल, छग परिमंडल को 18 जून को दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस दिनॉक के बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### मां धूमावती जयंती 14 को

**रायपुर।** मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में 14 जून को मां धूमावती जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शाम 6.30 बजे हवन-पूजन और अनुष्ठान महायज्ञ किया जाएगा। साथ ही मां धूमावती को समोसा, कचौडी, आलूगुंडा, मिर्ची भजिया, मुंगोडी, गुलगुला एवं स्वेत नैवेध का भोग अर्पित किया जाएगा। प्रबंध व्यवस्थपाक शीतल सैनी पुजारी ने बताया कि साथ ही एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश की स्थापना भी की जाएगी। सभी भक्त मां को प्रसन्न कर मनवांछित फल प्राप्त करें।

### 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र



**रायपुर।** गर्मी के सीजन में रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड में मुसाफिरों और आम जनता को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने साधक परिवार शहर के 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र संचालित कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 में 5 जून से 10 जून तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक शीतल पेयजल और आंवला शरबत का निशुल्क वितरण किया गया। साधक परिवार की ओर से सजे हुए रथ के माध्यम से शहर की गरीब बस्तियों मे भंडारे का आयोजन 11 जून को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर के सामने पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नम्बर 2 में किया गया। पुलाव, कढ़ी, हलवा व आंवला शरबत का वितरण किया गया। इस आयोजन में सरोरा वार्ड पार्षद दशरथ साहू, साधक परिवार के लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, यशवंत वर्मा, सीताराम सोनी, दीपक विधानीबाल संस्कार केंद्र के सेवाधारी उपस्थित थे।

# अब बच्चों की आंखों का भी होगा इलाज, मल्टीस्पेशलिटी बनेगा माना अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कोरोना के बाद नेत्र हास्पिटल के रूप में तब्दील हुआ माना अस्पताल जल्दी ही मल्टीस्पेशलिटी सुविधा से युक्त होगा। बड़ों के साथ यहां बच्चों की आंखों के इलाज की भी सुविधा होगी। रेटिना से संबंधित तमाम जांच और उपचार के लिए यहां आधुनिक उपकरण जुटाए जाएंगे। माना में अब तक मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस था और दो साल में डेढ़ हजार से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

कोरोनाकाल के दौरान माना के सिविल अस्पताल को सौ बेड का विशेषीकृत अस्पताल बनाया गया था और बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया गया था। महामारी का दौर समाप्त होने के बाद सामान्य मरीजों के इलाज के साथ नेत्र अस्पताल के रूप में उपयोग किया जाने लगा था। वहां पंडरी के जिला अस्पताल के नेत्ररोग विभाग को शिफ्ट कर ज्यादा से ज्यादा मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस किया गया था। करीब दो साल में वहां डेढ़ हजार लोगों को मोतियाबिंद से मुक्त किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार अब आवश्यकताओं को देखते हुए अस्पताल को मल्टीस्पेशलिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है।

आने वाले दिनों में यहां बच्चों की आंखों की समस्या का इलाज किया जाएगा। इसके साथ रेटिना से संबंधित तमाम ऑपरेशन यहां पूरे किए जाएंगे। इसके लिए यहां नेत्र चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जरूरतों के हिसाब से आधुनिक मशीन और संसाधन जुटाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जिसे आने वाले दिनों में कार्यरूप दिया जा सकेगा।

### कलेक्टर का दौरा, मरीजों से फीडबैक



कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण पर माना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मोतियाबंद की सर्जरी के लिए भर्ती मरीजों से तबीयत के साथ उपचार व्यवस्था और खानपान के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर के निरीक्षण के साथ शल्य क्रियाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने ओटी टेबल बदलने और साफ-सफाई पर जोर दिया।




- रेटिना की तमाम जांच और उपचार, आधुनिक उपकरण भी जुटाएंगे
- अभी तक मोतियाबिंद पर था फोकस, अब तक डेढ़ हजार ऑपरेशन

### सौ बेड का था अस्पताल, कोरोनाकाल में कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग किया

काफी साल पहले माना के सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया था और वहां सौ बेड की क्षमता विकसित की गई थी। आवश्यकता के हिसाब से ओपीडी का संचालन भूतल में ही पूरा हो जाता था और अन्य मंजिल के वार्ड बेकार पड़े थे। कोरोनाकाल में जब ज्यादा से ज्यादा बेड की जरूरत पड़ी, तो स्वास्थ्य विभाग ने इसके विशेषीकृत कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग में लाया। दस करोड़ की लागत से बने इस अस्पताल भवन का अब पूरा उपयोग किया जा रहा है।

### सुविधायुक्त बनाएंगे

माना अस्पताल को सुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बनाने की योजना है। यहां आवश्यक संसाधन जुटाएं जाएंगे और आंखों की विभिन्न समस्याओं का इलाज किया जाएगा।

- **डॉ. निधि अत्रीवाल,** नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

## आबकारी कार्यालय में किया प्रदर्शन

# ढाई माह से वेतन नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने एसआईएस कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुरक्षा गार्डों को पिछले ढाई माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है। इससे परेशान होकर सैकड़ों की संख्या में सुरक्षा गार्डों ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित आबकारी कार्यालय का घेराव कर यहां प्रदर्शन किया। सुरक्षा गार्डों के प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लेकर कंपनी के लोगों को तत्काल कार्यालय बुलाया और सुरक्षा गार्डों को 3 दिन के भीतर वेतन देने का अल्टीमेटम दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद भी कंपनी वेतन का भुगतान समय पर नहीं करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर जिले में शासकीय शराब दुकानों में गार्डों की नियुक्ति के लिए विभाग ने एसआईएस सुरक्षा कंपनी को ठेका दिया है। कंपनी को यह ठेका अप्रैल 2024 में दिया गया है। इससे पहले यह ठेका दूसरी सुरक्षा कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी के भीतर जिलेभर में अलग-अलग शिफ्ट में लगभग ढाई सौ सुरक्षा गार्ड काम करते हैं। एसआईएस कंपनी को ठेका मिले लगभग ढाई माह हो चुका है, लेकिन ड्यूटी कर रहे सुरक्षा गार्डों में बमुश्किल 25 से 30 को ही वेतन दिया गया है, शेष सुरक्षा गार्डों को अब तक वेतन नहीं दिया गया है। इससे परेशान होकर सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आबकारी कार्यालय का घेराव किया।

### तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो विभाग करेगा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई



#### 3 दिन में वेतन नहीं दिया तो एक्शन लेंगे

सुरक्षा गार्डों को दो माह का वेतन नहीं मिला है। एसआईएस कंपनी का कहना है कि खाते अपडेट नहीं हैं, जिसके कारण पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहा है। बातचीत के बाद कंपनी को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी वेतन नहीं दिया तो नोटिस जारी कर एक्शन लेंगे।

- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी रायपुर

### खाते अपडेट नहीं होने का बहाना बना रही कंपनी- सुरक्षा गार्ड

कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलकर आबकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनका वेतन सीधे उनके खाते में आता है। सभी सुरक्षा गार्ड पुराने हैं, जो पिछले कई साल से शराब दुकानों में गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। सभी सुरक्षा गार्ड के खाते अपडेट हैं, लेकिन नई कंपनी खातों को अपडेट नहीं होने का बहाना बनाकर वेतन दे नहीं रही है। उन्होंने बताया कि एक माह का वेतन नहीं मिलने के बाद कंपनी के लोगों ने कहा था कि एक सप्ताह के भीतर उनका रुका वेतन उनके खातों में पहुंच जाएगा, लेकिन ढाई माह बीत गए पर अब तक उनके खातों में वेतन के पैसे नहीं पहुंचे हैं।

## मुलाकात...



नवापारा–राजिम। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय के नेतृत्व में नवापारा भाजपा के परदेशी राम साहू, किशन सांखला, संजय बंगानी राजधानी रायपुर पहुंचकर नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डिप्टी सीएम विजय शर्मा एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकता की।

### टीम कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन की मौजूदगी में वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से संबधित नोटिस एवं ई-वे बिल से संबंधित सुझाव का ज्ञापन सौंपा। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने ज्ञापन के माध्यम से वित्तमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में जीएसटी विभाग से जीएसटी से संबंधित नोटिस व्यापारियों के पास आ रहा है। यह ईज़ ऑफ़ डूइंग व्यापार के विपरीत है। इससे व्यापारी एवं सलाहकार को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## चिरायु से मिला कोमल को नया जीवन, हृदय की बीमारी का कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- गांव में जांच शिविर के दौरान मिला था कमजोर, दिल में था छेद

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से चार साल के बच्चे को नया जीवन प्रदान करने में स्वास्थ्य टीम को सफलता मिली है। गांव में लगाए गए शिविर के दौरान जांच में कोमल नामक बच्चे की हृदय संबंधी समस्या का पता चला था। चिकित्सकीय टीम ने उसकी पूरी जांच के बाद सत्य साईं हास्पिटल ले जाकर उसका पूरा इलाज कराया।

जानकारी के अनुसार चिरायु की टीम द्वारा आरंग विकासखंड के ग्राम सकरी में शिविर लगाकर बच्चों की जांच की थी। इस दौरान चार साल का कोमल पिता योगेश साहू अन्य बच्चों से कमजोर पाया गया था। जांच के दौरान उसकी धड़कन सामान्य नहीं थी। इस आधार पर उसके माता-पिता को सलाह दी गई कि कोमल की जांच किसी हृदय रोग विशेषज्ञ से कराएं। उनकी सहमति के आधार पर चिरायु टीम ने टेस्ट कराया, तो उसकी गंभीर बीमारी का पता चला, जिसमें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। स्वास्थ्य टीम ने सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, एनएचएम की डीपीएम मनीष मैजरवार तथा नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी को इसकी जानकारी दी। उनके निर्देश पर बच्चे को आंबेडकर अस्पताल के बाद नवा रायपुर के सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल ले जाकर अन्य तरह की आवश्यक जांच कर सर्जरी के बाद हृदय के सुराख को बंद कराया गया।

बच्चे की बीमारी का पता लगाकर उसे इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, एवं एएनएम टिकेश्वरी साहु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जीएसटी विभाग का ई-संवीक्षा पोर्टल लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- अधिकारियों के कार्यों की होगी मानिटरिंग

छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए "ई-संवीक्षा" पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल रजत बंसल, आयुक्त, राज्य कर की पहल पर राज्य कर मुख्यालय, नवा रायपुर के डायरी कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष द्वारा तैयार किया गया है। मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा जिसके अंतर्गत जीएसटी अधिनियम की धारा 61 एवं धारा 73 और/ अथवा धारा 74 के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग आनलाइन की जानी है।

प्रारंभिक चरण में "ई-संवीक्षा" के अंतर्गत "स्क्रूटनी माड्यूल" बनकर तैयार है एवं लाइव किया जा चुका है तथा "एड्जुडिकेशन माड्यूल" तैयार किया जा रहा है। इससे न केवल विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी, बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाइन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आंकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा।

### व्यापारियों की परेशानियों का होगा निराकरण

व्यापारियों को होने वाली व्यवहारिक परेशानियों का निराकरण करने मे भी "ई-संवीक्षा" माड्यूल कारगर साबित होगा। गौरतलब है कि राज्य कर आयुक्त के ध्यान में कुछ ऐसे प्रकरण आये थे जिनमें एक ही व्यवसायी की एक ही अवधि के प्रकरण में एक से अधिक अधिकारियों द्वारा अलग-अलग समय पर नोटिस जारी किए गये थे, जिसके बाद आयुक्त द्वारा "ई-संवीक्षा" माड्यूल की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करवाया गया है।

## ग्राम तिरवैया में बनेगा हरा-भरा खेल मैदान

- कलेक्टर गौरव सिंह ने किया ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया के बच्चों और युवाओं को जल्द ही हरा-भरा खेल मैदान मिलेगा।

कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को इस गांव का दौरा किया। इस दौरान यहां प्रस्तावित खेल मैदान का जायजा लेते हुए उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों को खेल मैदान बनाने के साथ मैदान में तार फेंसिंग करवाकर खाली स्थानों पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। इससे मैदान में खेलने व देखने पहुंचने वालों को हरेभरे पेड़ों की ताजा हवा के साथ छाया मिलेगी। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर पड़ेगा।कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम के लिए भी अलग जगह चिन्हांकित करने के निर्देश पंचायत पदाधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे कामों में अधिक से अधिक काम स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों की सहायता से कराये जायें, ताकि महिला समूहों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

कलेक्टर ने गहरीकरण का काम कर रहे ग्रामीणों से बात कर उनका हाल चाल जाना साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने तालाब गहरीकरण के काम में लगे ग्रामीणों के लिये छाया की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा एवं मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम रायपुर आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वार्डों के परिसीमन के दौरान ब्लॉक दो वार्डों में न बंटें- नया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवंबर दिसंबर में होने वाले नगर निगमों के चुनाव के लिए नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने का आदेश जारी करने के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक नया अतिरिक्त निर्देश जारी किया है। अब कहा गया है कि जनगणना वर्ष 2011 कार्य के लिए जो गणना ब्लॉक बनाए गए थे, यथा संभव यह गणना ब्लॉक पूरी तरह से एक ही वार्ड में शामिल रहे, किन्ही भी परिस्थितियों में गणना ब्लॉक दो या अधिक वार्डों में विभाजित न हो।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक और आदेश बुधवार को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आगामी जनगणना का कार्य जनगणना 2011 के गणना ब्लॉकों के आधार पर किया जाना है। यह भी कहा गया है कि गणना ब्लॉक




विभाजित हो जाने से जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, की जनसंख्या के आंकड़े गणना ब्लॉकवार उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। निर्देश दिया गया है कि वार्डों के परिसीमन के दौरान इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। एक दिन पहले सरकार द्वारा जारी सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया था प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

# सड़क दुर्घटना में साढ़े पांच, मृत्यु दर में सवा पांच प्रतिशत की वृद्धि, तकनीकी के इस्तेमाल से एक्सीडेंट रोकने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का समुचित विश्लेषण करने तथा आवश्यक सुधार करने बुधवार को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) को लेकर आईजी ट्रैफिक नेहा चंपावत की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चालू वर्ष में जनवरी से लेकर मई के बीच पिछले साल की तुलना में साढ़े पांच प्रतिशत रोड एक्सीडेंट में वृद्धि होने के साथ ही सवा पांच प्रतिशत मौत के आंकड़े बढ़ने के मामले को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा के साथ ट्रैफिक पुलिस के सभी जिलों के अफसर शामिल रहे।

बैठक में हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को जल्द राहत दिलाने क्षतिपूर्ण प्रकरणों को निर्धारित समय में दावा प्राधिकरण को प्रेषित करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राज्य के 15 जिलों में सड़क सुरक्षा उपकरण स्पीड राडार गन, एल्कोमीटर, सांउड मीटर, लक्स मीटर, डेशबोर्ड, सर्विलेंस कैमरा सहित सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहन सहित अन्य सड़क सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। उपकरणों के संचालन करने वाले चिन्हांकित लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई।

### नए कानून के तहत ऑनलाइन जानकारी देनी होगी

गौरतलब है कि एक जुलाई से तीन नए कानून, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने जा रहा है। नए कानून लागू होने के बाद विवेचना अधिकारी को रोड एक्सीडेंट होने पर दुर्घटना स्थल पहुंचकर ऑनलाइन (लाइव लोकेशन, अक्षांश व देशांश सहित) प्रविष्टियां भरकर भेजनी होंगी।

### दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को जल्द मुआवजा मिले इसके लिए यथाशीघ्र प्रविष्टियां जमा करने निर्देश



### पांच माह में एक्सीडेंट की इतनी घटनाएं

वर्ष 2023 में जनवरी से मई की तुलना में इस वर्ष इन पांच महीनों में छह हजार 390 सड़क दुर्घटनाएं पूरे राज्य में हुई हैं। दुर्घटना में दो हजार 969 लोगों की मृत्यु हुई है। घायलों की संख्या साढ़े पांच हजार रही है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन, ओवर स्पीडिंग, सड़कों पर खड़े वाहनों से होने वाली दुर्घटना है। सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर दोपहिया वाहन चालाने वाले वाहन चालकों की हुई हैं।

## खबर संक्षेप



### कला एवं संस्कृति के अध्ययन के बिना अधूरा है भारतीय साहित्य

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजय देशपांडे पूर्व सदस्य संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली कला संस्कृति मंत्रालय के सलाहकार सदस्य थे। डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय कला एवं संस्कृति के अध्ययन एवं अध्यापन प्रमुख विषय हैं। कला एवं संस्कृति का अध्ययन के बिना भारतीय साहित्य अधूरा है। मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और बताया कि संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए कला एवं संस्कृति का अध्ययन जरूरी है। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कला एवं संस्कृति के ज्ञान से राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएंगे। व्याख्यान कार्यक्रम में करुणा दुबे, डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, आशुतोष, दिलीप बढ़ई, एसआर रात्रे, सरस्वती सेठ, मनोज शर्मा, मुकेश साहू, महाविद्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा रानी प्रधान एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रीता पांडेय ने किया।

### अनन्या ने तंबाखू निषेध दिवस पर विशेष कलाकृति बनाकर दिया संदेश

**बसना।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का आयोजन विगत दिनों नगर बसना में किया गया। बता दें कि मारवाड़ी महिला मंच हो या मारवाड़ी युवा मंच बसना के तत्वावधान में प्रतिवर्ष धार्मिक व रचनात्मक कार्यों को करते हुए समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया जाता है। इस वर्ष भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। मारवाड़ी समाज के प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आम जन मानस में स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। इसी कड़ी में प्रतिभा पब्लिक स्कूल कक्षा सातवीं की छात्रा अनन्या अग्रवाल ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विशेष कलाकृति ड्राइंग बनाकर समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। अनन्या पिता आशीष अग्रवाल बसना निवासी समाज सेवी देवचरण अग्रवाल व्यवसायी की पोती हैं। अनन्या अपने ड्राइंग में लिखती हैं कि वास्तव में मनुष्य तंबाखू का सेवन नहीं करता, तंबाकू मनुष्य का सेवन करती जाती है और हमें इसका पता भी नहीं चलता। जब पता चलता है तब काफी देर हो चुकी रहती है। इसलिए तंबाखू से दूर रहिए, स्वस्थ रहिये। अनन्या के ड्राइंग पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, गुरुजनों एवं नगरवासियों ने भी हर्ष जताया है।

### विभिन्न ट्रेडों में दिया जाएगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिले में संचालित केंद्र शासन एवं राज्य शासन की विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के माध्यम से 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत ड्रायविंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, मोबाइल फोन, हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं केयर गिवर, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सिलाई, कम्प्यूटर असिस्टेंट, इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्निशियन, प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत ब्लाऊज मेकिंग, मशरूम उत्पादन एवं बैंबू बेस्ड बास्केट मेकिंग कोर्स, जल जीवन मिशन योजनांतर्गत प्लम्बर कोर्स में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार स्थापित कराए जाने में सहायता की जाएगी।

# बिजली व शिक्षा सहित बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

## समस्याओं के समाधान के लिए 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव ईलाके के 8 ग्राम पंचायतों के लगभग 60 ग्राम पाराटोला के ग्रामीणों द्वारा अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए गुरूवार को ग्राम मोंगराडीह में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और ग्रामीणजनों ने बैठक में कहा कि हम क्षेत्र के लोग अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कई बार आवेदन देकर थक चुके है चुनाव से पूर्व चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दिये थे तब बड़े अधिकारियों ने शोभा में बैठक रखकर क्षेत्र के समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बैठक में प्रस्ताव पास किये कि 20 जून तक हमारी क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए ध्यान नहीं दिया गया तो अब क्षेत्र के ग्रामीण धरना प्रदर्शन रैली निकालकर शासकीय कार्यालय का घेराव करने मजबूर होंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

**इन मांगो को लेकर दे चुके हैं आवेदन-** राजापडाव गौरगांव क्षेत्र के 05 ग्राम पंचायत के आश्रित ग्रामो व पाराटोला में बिजली लगाने की स्वीकृति के पश्चात भी अब तक बिजली नहीं लगाई जा रही है, कई गांव में बिजली के पोल लगाये जा चुके हैं लेकिन बिजली की सप्लाई नहीं दिया जा रहा है जलद बिजली की सप्लाई दिया जाये।



### बैठक में ये रहे उपस्थित

आज मोंगराडीह में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, अजय नेताम सरपंच भूतबेड़ा, सुनील मरकाम सरपंच गोना, सखाराम मरकाम सरपंच कोकड़ी,कृष्णा नेताम सरपंच अड़गड़ी, तिलक राम मरकाम सरपंच प्रतिनिधि शोभा, गणेश नेताम सरपंच प्रतिनिधि गरहाडीह, दीनाचंद मरकाम सरपंच प्रतिनिधि कुचेंगा, मायाराम नेताम पूर्व सरपंच भूतबेड़ा, खामसिंह मरकाम, रामदेव नेताम, नंदलाल नागेश, नकुल नागेश, बंशीलाल मरकाम, मोती लाल नेताम, अघनु राम, श्यामलाल नेताम, हरीश नेताम, हेमनाथ मरकाम, रविन्द्र मरकाम, पतिराम मरकाम, रोहित नेताम, बिकउ राम नेताम, अशोक मरकाम, सुंदर लाल नेताम, फरसु राम नेताम, श्यामलाल नेताम, बुधराम, आयतु राम, गोवर्धन विश्वकर्मा, जेठूराम नेताम, टीकम सिंह मरकाम सहित 08 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## समस्या : जर्जर हो चुके हैं बिजली के हाईटेंशन तार, हल्की आंधी में हो जाती है बिजली बंद

# बिजली की आंख मिचौनी से ग्रामीण परेशान भीषण गर्मी से लोगों को नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एंव देवभोग क्षेत्र के लाखों लोग आजादी के सात दशक बाद भी लगातार बिजली की आंख मिचौली से बेहद परेशान हो गये हैं। इस क्षेत्र में हल्की हवा की झोंके चलने के साथ घंटो बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है, खासकर मैनपुर नगर व आसपास ग्रामों के लोग बिजली की लचर व्यवस्था से इस गर्मी के दिनों में लोगों को राहत नहीं मिल पा रहा है, विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद सढौली से मैनपुर क्षेत्र में जो बिजली के मुख्य हाईटेंशन तार आई है वह वर्षों पुराना होने के कारण जगह- जगह जर्जर हो गया है, साथ ही लोड बढ़ने के कारण बार -बार तार का टूटना और हल्की हवा और आंधी- तूफान में तार जगह- जगह से टूट जा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र में बार- बार बिजली बंद हो रही है, कई बार क्षेत्रवासियों द्वारा नये सिरे से नये हाईटेंशन तार लगाने की मांग किया जा चुका है, लेकिन इस गंभीर समस्या के तरफ बिजली विभाग के उच्च अधिकारी क्यों ध्यान नहीं दे रहे है समझ से परे है।

### सुधार कार्य जारी

मैनपुर बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया कि मैनपुर नगर व क्षेत्र में जब भी बिजली बंद होती है तत्काल बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी पेट्रोलिंग कर देर रात तक बिजली सुधार कार्य किया जाता है, उन्होने आगे बताया कि गर्मी के दिनों में लोड़ बढ़ने के कारण बार- बार बिजली के ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है लेकिन सुधार किया जा रहा है और जंगल क्षेत्र से बिजली के मुख्य तार में बिजली सप्लाई होने के कारण आंधी तूफान में बिजली में फाल्ट आ रही है।

- संजीव बंजारे,
बिजली विभाग अधिकारी



### छतों से गुजर रही बिजली के हाईटेंशन तार से खतरा

नगर में कई स्थानों पर बिजली के तार घरों के छत के ऊपर से बहुत नजदीक से गुजरा है और तो और तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्रामीण बैंक से लेकर नेशनल हाइवे के किनारे बिजली सबस्टेशन तक 11 इलेवन बिजली के तार घर से चिपककर गुजरा है जिसमें हमेशा करंट दौड़ती रहती है और कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घटने का अंदेशा बना रहता है। ज्ञात हो कि इसी 11 इलेवन तार में 4-5 वर्ष पहले एक युवक की करंट के चपेट में आने से मैनपुर नगर में मौत हो चुकी है तब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के आला अधिकारियों से किया था तो अधिकारियो ने तार को दूर हटाकर लगाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक नहीं हटाया गया है।

### 132 केव्ही उपकेन्द्र लगाने की मांग

जिले के मैनपुर में बिजली सप्लाई की दूरी सढौली और इदागांव से अधिक होने के कारण इसका लाभ जितना मिलना चाहिए नहीं मिल पाता। जंगल के भीतर से बिजली के तार गुजरने के कारण आंधी- तूफान में बिजली के तार पर पेड़ गिर जाने से घंटो बिजली बंद होना आम बात हो गई है, इदागांव में भी 132/33 केव्ही सबस्टेशन प्रारंभ किया गया है।

### बिजली नहीं होने से पेयजल प्रभावित

इस भीषण गर्मी के दिनों में दिनरात किसी भी समय घंटो बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है। बिजली बंद हो जाने से लोग गर्मी से बेचैन हो रहे हैं, रात को चैन से सो नहीं पा रहे है, तो वहीं बिजली आधारित व्यवसाय, फोटोकापी, हालर मिल, इलेक्ट्रानिक दुकानों के साथ ग्राम पंचायतों में नल- जल योजना प्रभावित हो रहा है। बार -बार बिजली बंद होने से मोटर पंप नहीं चल पा रहा है, बार- बार वोल्टेज ज्यादा और कम हो जाने से मोटर पंप जलने की शिकायत आ रही है जिसके कारण पानी के ओवरहेड टैंक में पानी नहीं भर पाने के कारण मैनपुर नगर सहित ग्रामीण ईलाको में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

## छुईपाली में पेयजल की भीषण समस्या, मिशन के तहत निर्माण पानी टंकी से भी नहीं मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड सरायपाली से महज 15 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे स्थित ग्राम छुईपाली के डीपापारा में पेयजल की भीषण समस्या है। नए विकासखंड बनने व विकसित ग्राम पंचायत के दौड़ में शामिल ग्राम पंचायत में गरीब लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। यहां दिखाने के लिए तो 25 वर्षों से नल जल योजना का ढांचा और पाइपलाइन बिछा हुआ है। परंतु, यहां के निवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। छुईपाली डीपापारा में भू जल स्तर लगभग 500 फीट नीचे चला गया है। अभी वर्तमान में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है। परंतु, उस टंकी को किस बोर के पानी से भरा जाएगा, इस संबंध में कोई प्लान मूर्त रुप नहीं लिया है। यहां पर फोर लाइन निर्माण कंपनी बीएससीपीएल कंपनी द्वारा फोर लाइन निर्माण के लिए रॉ मटेरियल निकालने के लिए लगभग 80 फीट गहरा तालाब नुमा खुदाई किया गया है। इसमें हमेशा पानी रहता है, उसे फिल्टर कर ग्रामीणों का प्यास बुझाया जा सकता है परंतु, पेयजल के लिए कोई ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीण लाचार व-बेबस है। ग्रामीणों द्वारा शासन से टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करने व नल जल योजना को अतिशीघ्र चालू कराने की मांग की गई है।



# महानदी में चेनमाऊंटेन मशीन के नीचे युवक की मौत पर भड़के धनेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से लगे पारागांव महानदी के रेत घाट में बुधवार की रात चैनमाऊंटेन मशीन के नीचे घोंट गांव के 25 साल के युवक राजेश यादव की मौत हो गई। इस मौत को लेकर पीसीसी के पूर्व चीफ पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू काफी आक्रामक हो गए है उन्होने मौजूदा अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू व माइनिंग अधिकारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाए है। साहू गुरूवार की शाम नवापारा स्थित अपने संगवारी कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि यह घटना काफी दुखद है। कोई छोटी-मोटी घटना नही है। एक गरीब परिवार के युवक की मौत हो जाती है। इस संबंध में बताया कि वे एसडीएम से बात किए। उनसे पूछा कि पारागांव की ये खदान किसके द्वारा संचालित है। नदी की रेत में दबे इस युवक को अस्पताल तक कौन पहुंचाया? चैनमाऊंटेन मशीन किसकी है? पूरा दोष किसका है? इन सभी सवालो का जवाब चाहिए? पीसीसी के पूर्व चीफ श्री साहू ने कहा कि मुआवजा के रूप में इस परिवार को 20 लाख रूपए दी जाए और तीन दिनो के भीतर इस रेत खदान में जो भी इन्वाल्मेंट है, दुर्घटना के लिए दोषी है। उनके खिलाफ एफआईआर कर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाए वर्ना चौथे दिवस वे कांग्रेसजनो के साथ रायपुर पहुंचकर कलेक्ट्रेट के सामने धरना पर बैठ जाएंगे जिसकी पूरी जवाबदारी प्रशासन की होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान नगर के वरिष्ठ कांग्रेस अशोक गोलछा, पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, रामा यादव, राजा चांवला, दीपाली राजपूत, रामरतन निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।



### माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : किशोर देवांगन



**राजिम।** भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन भी रेत माफियाओं की कारगुजारियो और इस युवक की मौत को लेकर काफी बिफरे हुए है। देवांगन ने कहा कि इस घटना की बारीकी से जांच हो और जो भी लोग इसमें संलग्न है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। देवांगन ने बताया कि इस मामले को लेकर एसडीएम और तहसीलदार से बात किया है और कहा है कि नाजायज रेत खदाने बिलकुल बंद हो और रेत का भंडारण भी कहीं भी नहीं होना चाहिए। वे इस संदर्भ में पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों के ध्यान में भी इस तथ्य को लाएंगे। उन्होने युवक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तक की महत्ता की प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

- चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण का हुआ समापन

जोन स्तरीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में आयोजित किया गया। चार दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण का समापन गुरूवार को हुआ। जिसमें जोन के अन्तर्गत पांच संकुल के प्राथमिक शाला पढ़ाने वाले शिक्षक उपस्थित थे। ऑफलाइन प्रशिक्षण में प्रथम दिवस मां सरस्वती के पूजन वन्दन तथा प्रेरणा गीत के साथ शुभारंभ बीआरसी हरीश देवांगन के मुख्य आतिथ्य में में प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम डीआरजी चुन्नी लाल सोनवानी के द्वारा मौखिक भाषा विकास पर चर्चा करते हुए चिंतन करना, तर्क देना, विश्लेषण करना, राय देना, आदि कौशलों पर विस्तार से चर्चा किया गया। शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका तथा पाठ्यपुस्तिका के मेंशन तथा उनकी महत्ता के बारे में बताया गया। वहीं डिकोडिंग पर भी चर्चा करते हुए ग्रुप निर्माण करते हुए ग्रुप अनुसार प्रदर्शन भी कराया गया। एनसीएफ एफएस की महत्ता को भी प्रतिपादित किया गया। एफएनएल कक्षाओं में पठन और लेखन विकास की कार्य योजना एवं गतिविधियां पीपीटी के माध्यम से बताया गया। बिग बुक के बारे में चर्चा किया गया। पुनरावृति आकलन और रेमेडियल कार्य, बुनियादी गणित क्या है, उसके घटक कौन कौन से हैं, ईएलपीएस के माध्यम से संख्याओं को सीखने के उदाहरण सहित बताया गया। एसआरजी ग्रुप के सदस्य डेहर पटेल के द्वारा संदर्शिका तथा अभ्यास पुस्तिका की समझ के बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा इस कार्य को प्रशिक्षार्थी के द्वारा स्वयं से करने के लिए प्रेरित किया। गणित पाठ योजना चार ब्लाकों पर चर्चा करते हुए उनका डेमो भी किया गया। डीआरजी प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा बहु भाषा शिक्षण पर बच्चे की भाषा के प्रयोग के महत्व पर फोकस डाला। समापन कार्यक्रम में डीआरजी चुन्नी लाल सोनवानी, राकेश कुमार देवांगन, प्रेमनारायण ध्रुव, सुष्मा गिलहरे सीएसी, असलम कुरैशी सीएसी, विनोद चन्द्राकर, त्रिलोक सेन, रणवीर सिंह कुर्रे, धनंजय ठाकुर, यशवंत मरकाम, खूबचंद सिन्हा, हासीरानी बनर्जी, उत्तम पटेल, नोहर पटेल, भारत साहू, सोनिया ध्रुव, हेमलता ध्रुव, टीकम सिन्हा, हरी राम साहू, भगवान सिंह ध्रुव आदि उपस्थित थे।



## सामान्य सभा गहमा-गहमी के साथ संपन्न

# जनपद सदस्यों ने अधिकारियों की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- जल-जीवन मिशन, वनाधिकार पट्टा, कृषि, वन, शिक्षा विभाग का मुद्दा उठा

जनपद पंचायत के जनपद सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। आचार सहिता के बाद सामान्य सभा गहमा-गहमी के साथ सम्पन्न हुई। सामान्य सभा की बैठक में जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, बिन्द्रानवागढ विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि डॉ. चिराग अली, राजिम विधायक प्रतिनिधि संजय कंड्रा, जनपद के सीईओ रुपकुमार ध्रुव के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जनपद के सीईओ रुपकुमार ध्रुव के द्वारा विभागीय जानकारी के लिए आमंत्रित किया गया। नल जल योजना के तहत ग्राम, ग्राम टेंगनाबासा, डांगनबाय जैसे अनेक गांव में सीसी रोड़ को खोद कर फिलिंग न ही करना, शिक्षा सत्र पूर्व जर्जर शालाओं की स्थिति, बरसात पूर्व कृषि विभाग के द्वारा खाद बीज का वितरण, वन विभाग के द्वारा वन्यप्रणियों के पेय जल हेतु बने तालाब की जानकारी ली गई।

विभाग के द्वारा संतोष प्रद जानकारी नहीं मिलने पर बिफरे सभी जनपद सदस्यों ने जमकर अधिकारियों की क्लास ली। जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर ने सभी विभाग के प्रमुखों को सभी विभागीय कार्यों में सभी क्षेत्रीय जनपद सदस्यों को जोड़ने का निर्देश किया। वहीं जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार ने कृषि, वन विभाग के कार्यों की जानकारी 2 तीन दिनों में सभी जनपद सदस्यों को उपलब्ध कराने की बात कही। सामान्य सभा की बैठक में प्रमुख रुप से सभा पति प्रहलाद यदु, रजनी सतीश चौरे, बुंदा साहू, पुष्पा देवानंद सिन्हा, थानेश्वर कंवर, संत राम नेताम, जनपद सदस्य दीपक चन्द्राकार, रिखी राम यादव, अशोक कुमार पटेल, शशी मुखी नेताम, लगनी अवध साहू, हेमलता ध्रुव, सुखबती ताण्डे, सतबती सौरी, शांति नागेश, जागृति ठाकुर, खिलेश्वरी ध्रुव, अम्बिका मरकाम,नर्मदा चेतन साहू, नीलकंठ सिंह ठाकुर सहित सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई।



## पेज 11 के शेष...

### पेयजल समस्या को...

जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण के लिए टेंडर हुआ था पर किसी कारणवश हुआ टेंडर रद्द हो गया है और पाइपलाइन के लिए गड्ढा भी खोदे थे जिसे कुछ दूरी तक तो पाइप बिछाया गया था। उसके बाद ठेकेदार द्वारा अपनी सामान लेकर चला गया जो ग्रामीणों के समझ से परे हैं। वहीं विभाग के इंजीनियर से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नया टेंडर होगा फिर वहां पानी टंकी का निर्माण होगा पुराने ठेकेदार समय सीमा में काम नहीं कर रहा था इस कारण उसका टेंडर खत्म कर दिया गया था।

### नालंदा परिसर...

समाधान तक जाती है, और आज हमने विधायक को ज्ञापन दिया है उनसे अनुरोध किया की विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मांगे पूरी की जावे।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डीकास देवांगन एवं गौरव राव ने कहा कि सभी विकास खंडों में बहुत से समस्या और मूलभूत सुविधाएं नहीं है जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ता है,विद्यार्थी परिषद लगातार छात्र हितों में कार्य करते आया है। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले 4 सालों से इस मांग को लेकर एवं सामाजिक विषयों को लेकर भी लगातार ज्ञापन देते आए है।नगर मंत्री हुमन देवांगन एवं विद्यार्थियों ने कहा है कि हमे अंचल के विधायक से उम्मीद है कि जिल के कालेजों की समस्याओ का निराकरण करेंगे। इस अवसर पर एबीवीपी छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहमंत्री अनंत सोनी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डीकाश देवांगन, गौरव राव घाट, जय शर्मा, हुमन देवांगन, सोनू साहू एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एक यूनिट ब्लड...

यह 12 से 16 ग्राम/डीएल है। हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने पर मरीज को एनीमिया(रक्त की कमी) हो जाता है।ब्लड डोनेट करना पूरी तरह सुरक्षित है। डोनर जितना ब्लड डोनेट करता है उसे बॉडी 21 दिनों में फिर से बना लेती है। **रक्त दान से हार्ट अटैक की संभावना कम-** रक्त दान करने से इसका सीधा फायदा दिल को मिलता है, ब्लड प्रेशर कम करता है और रक्त दान करने से रक्त का गाढ़ापन दूर होता है जिससे हार्ट अटैक की संभावना भी कम होती है।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन सर्वेक्षण के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजरों, ऑपरेटरों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिया गया। जिसमें विकासखण्ड स्तर पर आयुष्मान कार्ड पंजीयन योजना संबंधी जानकारी एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

### 16 से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**महासमुंद।** विगत वर्षों की भांति वर्ष 2024-25 में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि के लिए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, इसके अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रुपए का जर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम बावनकेरा के मृतक नेतराम निषाद, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम राजासेवैयाखुर्द के मृतक कौशल निषाद के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम कसेकेरा के मृतका राधिका ठाकुर एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आग में जलने से मृत्यु होने पर के ग्राम भुरकोनी की मृतका हरिमती व बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम सोनासिल्ली की मृतका मोतिम यादव के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क हादसे में युवक की हो गई मौत

**महासमुंद।** काम से वापस लौट रहे खुशराम ठाकुर की बाइक को गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खुशराम ठाकुर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएन 2091 से दोपहर नवागांव से काम से वापस अपने घर आ रहा था। तभी गांजर जाने के मुख्य मार्ग के पास टीनारा खार के पास पीछे से टाटा एसीआई वान ने ओवरटेक करते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घायल खुशराम को 112 के मदद से बागबाहरा अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### विधायक ने घटिया सड़क निर्माण को लेकर की प्रमुख अभियंता से शिकायत

**सरायपाली।** रायपुर प्रवास के दौरान स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र में हो रहे घटिया सड़क निर्माण की शिकायत पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता से की है।
विधायक की शिकायत पर प्रमुख अभियंता ने मुख्य अभियंता को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है।
इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक नंद ने बताया कि क्षेत्र की बोंदा से नवापाली सड़क, भंवरपुर से बड़े साजापाली सड़क, केना से टेंगनापाली सड़क और झिलमिला से छोटे साजापाली सड़क निर्माण की शिकायत ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी।

---

**तैयारी : विद्यालय खुलते ही 18 को विद्यार्थियों को पहले ही दिन न्योता भोज का मिलेगा आनंद**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के नौनिहालों का होगा स्माइल से स्वागत, देंगे न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत का निर्देश है कि पूरे जिले के स्कूलों में स्कूल रिओपनिंग की पूरी तैयारी स्कूल खुलने के पहले ही कर ली जाएं। राजिम नगर के प्रतिष्ठित स्कूल शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम का नया सत्र भी अन्य स्कूलों की तरह 18 जून से प्रारम्भ होकर जायेगा।

■ प्राचार्य ने शिक्षकों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

प्राचार्य संजय एक्का ने जानकारी दी है कि इसी परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं ताकि सत्र के प्रारंभ से ही अध्ययन अध्यापन का कार्य प्रारंभ हो जाए। पर्याप्त फर्नीचरों की व्यवस्था कर ली गई है, अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं की विद्यालय की साफ- सफाई प्रतिदिन करें। उल्लेखनीय है कि विद्यालय खुलते ही 18 तारीख को विद्यार्थियों को पहले ही दिन न्योता भोजन का आनंद मिलेगा। मध्यान्ह भोजन प्रभारी संतोष सूर्यवंशी की देखरेख में न्योता भोजन की भी पूरी तैयारी कर ली गई है। पिछले सत्र से न्योता भोजन की अवधारणा बड़े जोर शोर से चल रही है।

#### विधायक ने न्योता भोज देने की दी सहमति

विधायक सहित प्रतिष्ठित डॉक्टर व्यावसायियों पालकों आदि ने न्योता भोजन देने पहल की प्राचार्य ने बताया कि राजिम विधायक रोहित साहू ने भी सेजेस राजिम में न्योता भोजन देने की सहमति दी है। उनके अलावा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों में नगर के प्रतिष्ठित कौर हॉस्पिटल की संचालिका डॉक्टर गुरप्रीत कौर, खुशी साहू सांसद प्रतिनिधि, पुनाराम यादव शिक्षक, रवि चक्रधारी व्यवसायी, उधो राम वर्मा कर्मचारी, पवन साहू, रोशन धीवर पालक आदि ने विभिन्न तिथियों में नेवता भोजन देने की पेशकश की है। न्योता भोजन देने और भी कई लोगों के आगे आने की सम्भावना है।




#### बच्चों को मिलेगा गणवेश

सेजेस राजिम के विद्यार्थियों के लिए यह नया सत्र अत्यंत विशेष होगा क्योंकि विद्यालय प्रारंभ होने के 2 वर्ष बाद यह पहली बार होगा कि कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से विद्यालय का सत्र प्रारंभ होने की सूचना दे दी गई है। विद्यालय के अनुशासन से संबंधित सूचना एवं जानकारियां व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी गई है। इधर शिक्षक-शिक्षिकाएं भी नव प्रवेशियों की स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं। हमेशा नवाचार करने वाले शिक्षकों ने नवनिहालों के विद्यालय प्रवेश के प्रथम दिवस को यादगार बनाने के लिए अनोखी पहल करते हुए बहुत ही सुंदर- सुंदर स्माइली बनाया है। इस्माइली को प्रत्येक नव प्रवेशी बच्चों को स्वागत करते हुए देंगे। इससे बच्चों में अत्यधिक उत्साह और विद्यालय तथा शिक्षकों के प्रति प्रेम आकर्षण और सम्मान बढ़ेगा।

शासन की मंशा है कि न्योता भोजन के रूप में बच्चों को अधिकतम पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। नगर के जनप्रतिनिधियों नागरिकों एवं पालकों को न्योता भोजन देने के लिए प्रेरित करने प्राचार्य एक्का ने निराले अंदाज में सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश वायरल किया है।

उन्होंने संदेश में लिखा है की बच्चों को न्योता भोजन देने से देने वाले को पुण्य लाभ तो मिलेगा ही, बच्चों को मध्यान्ह भोजन में अधिक पौष्टिक आहार का लाभ मिलेगा, सामुदायिक सहभागिता, सदभावना प्रेम और अपनेपन का विकास होगा। न्योता भोजन के आयोजन से विद्यार्थियों को मध्यान भोजन में विशिष्ट चीजें जैसे मिठाई, खीर, पुड़ी, फल आदि मिलने उत्सव का माहौल बनेगा और विद्यार्थियों में विद्यालय और पढ़ाई लिखाई के प्रति सकारात्मक भाव का विकास होगा। प्राचार्य के इस संदेश का जनप्रिनिधियों नागरिकों एवं पालकों में बहुत ही अच्छा असर हुआ है।

---

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति के संबंध में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जनपद पंचायत के अन्तर्गत आंगनबाड़ी महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य समिति के समिति की बैठक बुधवार को हुई। समिति की बैठक आंगनबाड़ी महिला एवं बाल विकास परियोजना के अध्यक्ष बुंदा साहू के उपस्थिति में सम्पन्न हुई। परियोजना अधिकारी सीएल साहू ने बैठक में ऐजेंडा को पढ़ कर सुनाया। जिसमें रिक्त सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदक की नियुक्ति तथा आचार सहिता के पूर्व जारी नियुक्ति के संबंध में विषय रखा गया। सभी सदस्यों ने शिक्षा सत्र के प्रारंभ में नियुक्ति के लिए अनुमोदन किया। पूर्व में जारी आंगनबाड़ी केन्द्र रावणाभाठा 2, सिवनी 3, बम्हनी 1,



जलकीपानी बेलपारा, भैसामुडा 2, सोरीद 1, गाडाघाट 3, अतरमरा 1 के केन्द्र से प्राप्त आवेदनों पर छटनी कर नियुक्ति करने तथा नये रिक्त आंगनबाड़ी बाल विकास केन्द्रों में भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने अनुमोदन किया गया जिसमें छतरपुर, बम्हनी, विजयपुर, मातरबाहरा, पण्डरीपानी गोंड़ बेलपारा व कोठापारा, डेंगसुली पारा मुढीपानी एवं छिंद पारा कुडेरादादर से आवेदन आमंत्रित करने 24 जून तक के समय दिया गया है। अभ्यर्थियों को पंचायत व परियोजना कार्यालय छुरा से आवेदन प्राप्त कर निर्धारित समय पर जमा करना होगा।

उक्त समिति के बैठक में समिति के सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर, रजनी सतीश चौरे, खिलेश्वरी ध्रुव एवं लगनी साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

---

**बिहान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित**

# सीईओ यादव ने जिले में आजीविका गतिविधि को बढ़ाने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर तथा जिला पंचायत सीईओ रीता यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में 02 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त विकासखण्डों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना पर समय-सीमा में लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक रणनीति पर 10 एवं 11 जून को सामाजिक समावेशन एवं संस्थागत निर्माण अंतर्गत समूह लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति एवं सैचुरेशन, लाकोस के माध्यम से ऑनलाईन समूह की एंट्री पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही गावं की गरीब महिलाओं एवं उनके



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 2 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच बनाने के लिए वित्तीय समावेशन के तहत सहायता उपलब्ध कराने हेतु आरएफ, सीआईएफ प्रदाय एवं बैंक लिंकेज के बारे में बताया गया। स्व-सहायता समूहों को वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए समूह की सक्रिय महिलाओं में से बीमा सखी, वित्तीय साक्षरता-सीआरपी, बैंक सखी आदि सामुदायिक संवर्ग के माध्यम से बीमा को बढ़ावा देने, आजीविका गतिविधि को बढावा देने एवं लोकोस के माध्यम से आनलाईन समूह की प्रविष्टि में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। इसी कड़ी में कार्यशाला के दूसरे दिन जिले में आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिसमें बिहान ढाबा, बिहान चौपाटी, अन्य सफल आजीविका गतिविधियों को बड़े पैमाने पर किया जाये। जिलें में अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के लिए कार्य योजना बनाकर समय सीमा मे पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही जिले मे कार्य कर रहे पीजी समूह, एफपीओ, लखपति पहल पर कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान कार्यशाला में रायपुर से आये टीम भी सम्मिलित हुए। जिनके माध्यम से आजीविका संबंधी आगामी कार्ययोजना व पीवीटीजी परिवार को लाभान्वित करने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्मुखीकरण कार्यशाला में विकासखण्ड टीम द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रगति, आगामी कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेण्टो से सम्मानित किया।

---

# कब्बड्डी प्रतियोगिता में ग्राम परसापानी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पीएचएफ के सहयोग से लोक आस्था सेवा संस्थान और संगवारी महिला मंच के संयुक्त तत्वधान में गुरूवार को ग्राम परसापनी में महिला और किशोरियों का खेल उत्सव आयोजित किया गया। जिसमे महिलाओं और किशोरियो द्वारा कब्बड्डी और कुर्सी दौड़ रखा गया। जिसमें कब्बड्डी में ग्राम परसापानी प्रथम और टोनहीडबरी दूसरा स्थान पर रही। कुर्सी दौड़ में दसमीन बाई, सुभाउ पन्ना प्रथम और दूसरा स्थान तुलसी बाई परसपानी रही। इसके बाद संस्था सचिव लता नेताम द्वारा सभी को पुरस्कार वितरण किया गया। और संस्था सचिव ने बताया की हमारी संस्था महिलाओं के साथ 2005 से काम करती आ रही है। इस खेल का उद्देश्य है की महिला को हम हर क्षेत्र में आगे कैसे ले जाएं। महिलाएं इस खेल के माध्यम से समाज में आगे

■ महिला व किशोरियों का खेल उत्सव का किया गया आयोजन




आ सके, समाज में समानता आ सके इस खेल के माध्यम से उनका हौसला बढ़ सके। पहले कब्बड्डी पुरुषों का खेल है करके धारणा बनी हुई थी इसको महिलाओं ने तोड़ कर साबित किया है की महिला किसी से कम नहीं और इस खेल को खेल कर उन्होंने साबित किया है की वो पुरुषो से कम नहीं है। संस्था सचिव ने बताया की समाज में महिला और पुरुष समाज रूपी गाड़ी का दो पहिया है और एक पहिया कमजोर रहेगा तो समाज में समानता कैसे आएगी। समाज में समानता के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। इसके



बाद इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए सभी संगवारी महिला मंच की मुखियाओं व ग्रामवासी को धन्यवाद देते हुवे कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में संगवारी महिला मंच की मुखिया लालमती, धनमत, कमलेश्वरी ,दुतिका, शुशिला, जुगमनी, लीलाबाई, सविता, अमरीका, उर्मिला, पानबाई, खेड़ीबाई, गायत्री, भगवती, गंगाबाई, हिरमणी, दुखिया, और संगवारी महिला मंच की दीदी व स्टाफ से निसार बेगम, अरुण, भरत, रुकमणी, तेस्जावनी, तरुण, अनिल शामिल रहे।

---

# योग दिवस की तैयारी, हुई वर्चुवल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

21 जून को होने वाले योग दिवस की तैयारी को लेकर भारत स्वाभिमान पांच संगठन की वर्चुवल बैठक हुई। जिसमें यह विषय पर चर्चा की गई की 19 व 20 को तैयारी के लिए योग शिविर का आयोजन अपने-अपने जगह पर किया जाएगा। 19 और 20 जून को जो प्रोटोकॉल में योग कराया जाता है उनकी जानकारी सभी को दिया जाएगा एवं 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी लोग अधिक से अधिक जुड़ सके इसके लिए विभिन्न सभी कार्यालय से अधिकारियों की चर्चा कर सभी को योग शिविर में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय पटल पर योग के क्षेत्र में उच्च कीर्तिमान स्थापित कर चुका पतंजलि परिवार प्रतिवर्ष की भांति विविध गतिविधियों से




■ वर्चुवल बैठक में पांच संगठनों ने लिया भाग

जनमानस तक योग को पहुंचाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। भारत स्वाभिमान न्यास संरक्षक यशवंत यादव की अध्यक्षता में पतंजलि परिवार के पांचों अनुसांगिक संगठन की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाओं एवं विभिन्न संगठनों के साथ बैठक कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वृहद पैमाने पर सफल बनाने हेतु चर्चा करने का निर्णय लिया गया। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक तुलसी राम यदु एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग उपसंचालक डीपी ठाकुर व योग प्रभारी आदित्य लांबे के साथ विस्तार से चर्चा किए। विभिन्न संगठनों से भी इस संबंध में विचार विमर्श किया गया। भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा, किसान सेवा समिति जिला प्रभारी ललित साहू, बिंदु सिन्हा, शंकर लाल यदु, हरीश नेताम, हीरालाल साहू, गोविंद नेताम, मनहरण पटेल, गणेश आजाद, देवनारायण यदु, शीतल धुव द्वारा आयोजन की रूपरेखा बनाई गई।

---

**चार दिवसीय जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन**

# बच्चों को सीखने की प्रक्रिया को बेहतर तरीके से लागू करें : द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षाधिकारी बीआरसीसी के निर्देश पर विकासखण्ड छुरा में जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण प्रथम चरण का समापन किया गया है। जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण जोन 1 संकुल केन्द्र मुरमुरा में एसआरजी डेहर पटेल, डीआरजी योगेश साहू, कर्णसिंह धनुषधारी, तारेन्द्र निर्मलकर, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, संतोष साहू, डीपी द्विवेदी, जितेंद्र साहू की गरिमामय उपस्थित में समापन किया गया। एसआरजी डेहर सर द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रेरित करते हुए एफएलएन का उद्देश्य, महत्व के बारे मे सारगर्भिक बातों को बताते हुए अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका भरे। आदि के बारे मे सविस्तार जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में संकुल समन्वयक डीपी





द्विवेदी, विनोद सिन्हा द्वारा प्रेरित करते हुए कहा की यह बच्चों की पढ़ने- लिखने की क्षमता विकास मे बेहतर है। सभी शिक्षक एफएलएन प्रशिक्षण को प्राप्त कर अपने विद्यालय में बच्चों को सीखने- सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर तरीके से लागू करें। ताकि हम अपनी लक्ष्य को जल्द प्राप्त कर सके। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर तारेन्द्र निर्मलकर, योगेश साहू के द्वारा प्रशिक्षण को आगे बढ़ते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को छह अलग-अलग ग्रुप में विभाजित कर गतिविधि आधारित पाठ योजना निर्माण करने दिया गया। सभी अपने-अपने ग्रुप के अनुसार क्रमशः गतिविधि प्रस्तुत कर बच्चों को किस प्रकार से कक्षा में कार्य दे सकते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से कैसे अध्यापन करें। सभी प्रकार से गतिविधि प्रस्तुत किया गया। गतिविधियों पर समीक्षा किया गया। शिक्षकों के द्वारा प्रेरक गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद एसआरजी डेहर पटेल सर के द्वारा एनईपी 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी शिक्षकों को प्रेरित किया। तीन महत्ता के फिल्म पर कार्य करने हेतु रोड मैप तैयार कर चुनौती स्वीकार करने शिक्षकों को दिया। प्रशिक्षण में बच्चों के प्रवाह पूर्ण पठन के आकलन के परिणाम पर विस्तृत चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, संतोष साहू, डीपी द्वेदी, कर्ण सिंह कमार, योगेश साहू, जितेंद्र साहू सहित शिक्षक मानिक साहू, विरेन्द्र साहू, गौतम साहू, निर्मला शर्मा, रूपराम साहू, पुष्पलता चक्रधारी, जितेंद साहू, रेणुका देवांगन, धनेश्वरी मुरचुलिया, खिलेश्वर साहू, कुसुम साहू, सोनम साहू, सुरेखा धीवर, सुधा साहू, शीतल महिलांग, गोकुल निषाद, मीना ध्रुव, पवनु ध्रुव, सोम साहू, प्रह्लाद यादव, चंम्पा सेन, कीर्तन साहू, नोहेश्वरी ध्रुव सहित शिक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

